# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

## Sample Paper 5 (2020-21)
## Sub: Hindi (Course-B)
## Class: 10

Max Marks: 80 Time: 3 hours

General Instructions:
1.All questions are compulsory.
2.The question paper consists of …17…. questions divided into…2. Sections.
3.There is no overall choice. However, internal choices have been provided.
4. This question paper consists of …15… printed pages.

**सामान्य निर्देश :**

(क)इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - 'अ' और 'ब'|

(ख)खंड 'अ' में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

(ग) खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में अतिरिक्त विकल्प दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

**खंड 'अ' - वस्तुपरक प्रश्न (अंक 40 )**

**अपठित गद्यांश** (अंक 10)

**1.नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **5×1=5**

ताजमहल, महात्मा गांधी और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र-इन तीन बातों से दुनिया में हमारे देश की ऊँची पहचान है। ताजमहल भारत की अंतरात्मा की, उसकी बहुलता की एक धवल धरोहर है। यह सांकेतिक ताज आज खतरे में है। उसको बचाए रखना बहुत ज़रूरी है।

मजहबी दर्द को गांधी दूर करता गया। दुनिया जानती है, गांधीवादी नहीं जानते हैं। गांधीवादी उस गांधी को चाहते हैं जो कि सुविधाजनक है। राजनीतिज्ञ उस गांधी को चाहते हैं जो कि और भी अधिक सुविधाजनक है। आज इस असुविधाजनक गांधी का पुनः आविष्कार करना चाहिए, जो कि कड़वे सच बताए, खुद को भी औरों को भी।

अंत में तीसरी बात लोकतंत्र की। हमारी जो पीड़ा है, वह शोषण से पैदा हुई है, लेकिन आज विडंबना यह है कि उस शोषण से उत्पन्न पीड़ा का भी शोषण हो रहा है। यह है हमारा ज़माना, लेकिन अगर हम अपने पर विश्वास रखें और अपने पर स्वराज लाएँ तो हमारा ज़माना बदलेगा। खुद पर स्वराज तो हम अपने अनेक प्रयोगों से पा भी सकते हैं, लेकिन उसके लिए अपनी भूलें स्वीकार करना, खुद को सुधारना बहुत आवश्यक होगा|

(i)संसार में भारत की प्रसिद्धि के मुख्य कारण कितने है?

(क) आठ (ख) चार

(ग) तीन (घ)छह

(ii)गांधीवादी आज किस तरह के गांधी को चाहते हैं ?

(क)असुविधाजनक (ख)राजनीतिज्ञ

(ग)सुविधाजनक घ)तत्वचिंतक

(iii)हमारे देश के लिए ताजमहल का क्या महत्त्व है?

(क)आराधनालय है (ख)विशेष महत्त्व है

(ग)कोई महत्त्व नहीं (घ)'क' और 'ख' दोनों

(iv)वास्तव में आज कैसे गांधी की ज़रूरत है?

(क)जो खुद को भी कड़वा सच बताए और दूसरों को भी बताए।

(ख)परोपकारी और उदार

(ग)धर्म के मार्ग पर ले जाने वाला

(घ) औरों पर सहिष्णुता दिखने वाला

(v)ज़माना बदलने के लिए क्या आवश्यक है ?

(क)हमें स्वयं पर स्वराज लाना होगा। (ख)हमें भोग विलास में जीना होगा |

(ग)तकनीकी का प्रयोग करना होगा | (घ)हमें सभी जगह अधिकार लाना होगा |

**अथवा**

सुख विश्वास से उत्पन्न होता है। सुख जड़ता से भी उत्पन्न होता है। पुराने जमाने के लोग सुखी इसलिए थे कि ईश्वर की सत्ता में उन्हें विश्वास था। उस जमाने के नमूने आज भी हैं, मगर वे महानगरों में कम मिलते हैं। उनका जमघट गाँवों, कस्बों या छोटे-छोटे नगरों में है। इनके बहुत अधिक असंतुष्ट न होने का कारण यह है कि जो चीज़ उनके बस में नहीं है, उसे वे अदृश्य की इच्छा पर छोड़कर निश्चित हो जाते हैं। इसी प्रकार सुखी वे लोग भी होते हैं, जो सच्चे अर्थों में जड़तावादी हैं, क्योंकि उनकी आत्मा पर कठखोदी चिड़िया चोंच नहीं मारा करती, किंतु जो न जड़ता को स्वीकार करता है, न ईश्वर के अस्तित्व को तथा जो पूरे मन से न तो जड़ता का त्याग करता है और न ईश्वर के अस्तित्व का, असली वेदना उसी संदेहवादी मनुष्य की वेदना है। पश्चिम का आधुनिक बोध इसी पीड़ा से ग्रस्त है। वह न तो मनुष्य भैंस की तरह खा-पीकर संतुष्ट रह सकता है न अदृश्य का अवलंब लेकर चिंतामुक्त हो सकता है। इस अभागे मनुष्य के हाथ में न तो लोक रह गया है, न परलोक। लोक इसलिए नहीं कि वह भैंस बनकर जीने को तैयार नहीं है और परलोक इसलिए नहीं कि विज्ञान उसका समर्थन नहीं करता। निदान, संदेहवाद के झटके खाता हुआ यह आदमी दिन-रात व्याकुल रहता है और रह-रहकर आत्महत्या की कल्पना करके अपनी व्याकुलता का रेचन करता रहता है।

(i) सुख किन से उत्पन्न होता है?

(क) विश्वास से (ख) जड़ता से

(ग) 'क' और 'ख' दोनों से (घ) परोपकार से

(ii) गाँवों में लोग असंतुष्ट नहीं हैं क्योंकि -

(क) वे अदृश्य पर अपनी चिंता छोड़ देते हैं। (ख) उनके पास सभी सुविधाएँ हैं।

(ग) वे शक्तिशाली हैं। (घ) वे निरक्षर होते हैं

(iii) सुखी वे होते हैं जो

(क) जड़ता को स्वीकार करते हैं (ख) ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते

(ग) (क) व (ख) (घ) शान - शौकत से जीते हैं

(iv) पश्चिम का आधुनिक बोध किससे पीड़ित है

(क) संदेहवादी दृष्टि (ख) आस्तिकवाद

(ग) अस्तित्ववाद (घ) किसी से नहीं

(v) आदमी अपनी व्याकुलता का रेचन कैसे करता है?

(क) धर्म के मार्ग को अपनाकर (ख) धोखा देकर

(ग) भेदभाव दिखाकर (घ) आत्महत्या की कल्पना करके

**2.नीचे <u>दो</u> गद्यांश दिए गए हैं किसी <u>एक</u> गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **5×1=5**

सत्य के अनेक रूप होते हैं, इस सिद्धांत को मैं बहुत पसंद करता हूँ। इसी सिद्धांत ने मुझे एक मुसलमान को उसके अपने | दृष्टिकोण से और ईसाई को उसके स्वयं के दृष्टिकोण से समझाना सिखाया है। जिन अंधों ने हाथी का अलग-अलग तरह वर्णन किया वे सब अपनी दृष्टि से ठीक थे। एक-दूसरे की दृष्टि से सब गलत थे और जो आदमी हाथी को जानता था उसकी दृष्टि से सही भी थे और गलत भी थे।

जब तक अलग-अलग धर्म मौजूद हैं तब तक प्रत्येक धर्म को किसी विशेष बाह्य चिह्न की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जब बाह्य चिह्न केवल आडंबर बन जाते हैं अथवा अपने धर्म को दूसरे धर्मों से अलग बताने के काम आते हैं तब वे त्याज्य हो जाते हैं।

धर्मों के भ्रातृ-मंडल का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह हिंदू को अधिक अच्छा हिंदू, एक मुसलमान को अधिक अच्छा मुसलमान और एक ईसाई को अधिक अच्छा ईसाई बनाने में मदद करे। दूसरों के लिए हमारी प्रार्थना वह नहीं होनी चाहिए-ईश्वर, तू उन्हें वही प्रकाश दे जो तूने मुझे दिया है, बल्कि यह होनी चाहिए-तू उन्हें वह सारा प्रकाश दे जिसकी उन्हें अपने सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यकता है।

(i) लेखक किस सिद्धांत को पसंद करता है?

(क) सत्य के अनेक रूप हैं। (ख) सत्य का एक रूप होता है।

(ग) सत्य नश्वर है। (घ) कोई नहीं।

(ii) लेखक किस कथा का जिक्र करता है?

(क) अंधों द्वारा बकरी का वर्णन (ख) अंधों द्वारा हाथी का वर्णन

(ग) अंधों द्वारा आदमी का वर्णन (घ) कोई नहीं

(iii) धर्म की पृथकता दर्शाने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता होती है?

(क) बाह्य चिह्न (ख) सिद्धांत

(ग) संघ (घ) समर्थकों की

(iv) धर्म के भ्रातृ-मंडल का क्या उद्देश्य होना चाहिए?

(क) हर व्यक्ति अच्छा बने (ख) धर्म का कट्टर समर्थक बने

(ग) 'क' और 'ख' (घ) कोई नहीं

(v) लेखक के अनुसार ईश्वर से किस प्रकार की प्रार्थना करनी चाहिए

(क) सब को सुखी रखने की (ख) कुछ भी नहीं माँगना

(ग) अपने आप को सुखी रखने की (घ) दोनों 'क' और 'ख'

**अथवा**

उन्नीसवीं शताब्दी में यह राष्ट्रीय जागरण संपूर्ण भारत में किसी-न-किसी रूप में अभिव्यक्त हो रहा था, जिसमें भारतीयता के साथ आधुनिकता का संगम था। स्वामी विवेकानंद ने तो अमेरिका, इंग्लैंड आदि देशों से भारत लौटकर पूर्व और पश्चिम के श्रेष्ठ तत्वों के सम्मिलन से भारत को आधुनिक बनाने का स्वप्न देखा था। उन्होंने माना कि भारत और पश्चिम की मूल गति एवं उद्देश्य भिन्न हैं, परंतु भारत को जागना होगा, कुसंस्कारों एवं जाति-विद्वेष को त्यागना होगा, शिक्षित होकर देश की अशिक्षित, गरीब जनता को ही 'दरिद्रनारायण' मानकर उनकी सेवा करनी होगी, उनका उत्थान करना होगा। विवेकानंद का मत था कि भारत में जो जितना दरिद्र है, वह उतना ही साधु है। यहाँ गरीबी अपराध एवं पाप नहीं है तथा दरिद्रों की अपेक्षा धनियों को अधिक प्रकाश की जरूरत है। वे चाहते थे कि हम नीच, अज्ञानी, दरिद्र-सभी को भाई मानें और गर्व से कहें-हम सब भाई भारतवासी हैं। मनुष्य को मानव बनाना, आदमी को इंसान बनाना आवश्यक है।

हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो हमें संस्कारी मानव, हमदर्द इंसान बना सके। विचारों में विवेकानंद गांधी से अधिक दूर नहीं थे और ऐसे ही विचारकों का चिंतन उन्नीसवीं सदी में भारत को उद्वेलित कर रहा था।

(i) किस सदी में संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय जागरण अभिव्यक्त हो रहा था?

(क) उन्नीसवीं सदी में (ख) अठारहवीं सदी में

(ग) बीसवीं सदी में (घ) इक्कीसवीं सदी में

(ii) विवेकानंद ने क्या सपना देखा था?

(क) विदेशी तर्ज पर भारत का विकास (ख) पूर्व व पश्चिम के तत्वों का मिलन

(ग) भारत को आधुनिक बनाना (घ) (ख) व (ग)

(iii) विवेकानंद के अनुसार भारतीयों को कैसी शिक्षा की ज़रूरत है?

(क) आदमी को आदमी बनाने वाली (ख) अंग्रेजी पढ़ाने वाली

(ग) भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाली (घ) कोई नहीं

(iv) "पश्चिम' का विशेषण बताइए

(क) पश्चिमी (ख) पाश्चात्य

(ग) पश्च (घ) कोई नहीं

(v) विवेकानंद के अनुसार किसे अधिक प्रकाश की ज़रूरत है?

(क) दरिद्र (ख) धनिकों

(ग) सामंतों (घ) कोई नहीं

<u>**व्यावहारिक व्याकरण** (अंक 16)</u>

**3.निम्नलिखित <u>पाँच</u> भागों में से किन्हीं <u>चार</u> भागों के उत्तर दीजिए |** **4×1=4**

(i)अरुणिमा <u>धीरे - धीरे चलते हुए</u> वहाँ जा पहुँची | रेखांकित पदबंध का नाम बताइए |

(क)संज्ञा पदबंध (ख)सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(ii) <u>श्याम का बड़ा भाई रमेश</u> कल आया था | रेखांकित पदबंध का नाम बताइए |

(क)संज्ञा पदबंध (ख)सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(iii)महँगी खरीदी हुई साड़ी <u>फट गई</u> |

(क)संज्ञा पदबंध (ख)सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(iv)<u>जंग में मरने वाले सैनिक</u> आदरणीय है |

(क)संज्ञा पदबंध (ख)सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ)क्रिया पदबंध

(v)<u>इतनी लगन से काम करने वाला मैं</u> असफल नहीं हो सकता |

(क)संज्ञा पदबंध (ख)सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**4.निम्नलिखित <u>पाँच</u> भागों में से किन्हीं <u>चार</u> भागों के उत्तर दीजिए | 4×1=4**

(i) दीपक जला और अँधेरा नष्ट हुआ |

(क) संयुक्त (ख) संकेत वाचक

(ग) विधान वाचक (घ) मिश्र

(ii) मुसीबत आ जाए तो भागना उचित नहीं |

(क) संयुक्त (ख) सरल

(ग) मिश्र (घ) आज्ञार्थक

(iii) निम्नलिखित किस वाक्य में सरल वाक्य नहीं है?

(क) वह लंबा लड़का है ं।

(ख) इसी बच्चे को शिक्षक ने डांटा था।

(ग) वह जो लाल कपड़े वाला आदमी है कहीं जा रहा है।

(घ) लाल कपडे वाला आदमी कहीं जा रहा है।

(iv)आज धूप निकलने की संभावना है' मिश्र वाक्य में बदलिए

(क) आज धूप निकल सकती है

(ख) आज धूप और बारिश आने की संभावना है

(ग) संभावना है कि आज धूप और बारिश आएगी

(घ) संभावना है कि आज धूप निकले

(v) 'जब शाम हो तब लौट आना' सरल वाक्य में बदलिए।

(क) शाम होते ही घर आ जाना

(ख) शाम में लौट आना

(ग) जैसे ही शाम हो वैसे ही लौट आना

(घ) उपर्युक्त कोई नहीं

**5.निम्नलिखित <u>पाँच</u> भागों में से किन्हीं <u>चार</u> भागों के उत्तर दीजिए |** **4×1=4**

(i) अव्ययीभाव का उदाहरण है

(क)गृहागत (ख)आचारकुशल

(ग)प्रतिदिन (घ)कुमारी

(ii) यथाशक्ति समस्त पद का विग्रह है

(क)जैसी शक्ति (ख)जितनी शक्ति
(ग)शक्ति के अनुसार (घ) यथा जो शक्ति

(iii) पंचतंत्र में कौन सा समास है
(क)कर्मधारय (ख) बहुव्रीहि
(ग)द्विगु (घ)द्वंद्व

(iv)'रसोईघर' समस्तपद का सही विग्रह है
(क)रसोई के लिए घर (ख)रसोई का घर
(ग)रसोई में घर (घ)रसोई को घर

(v)निम्नलिखित में से द्विगु समास
(क)शताब्दी (ख)नीलकमल
(ग)राष्ट्रपति (घ)आमरण

**6.निम्नलिखित चार भागों के उत्तर दीजिए |** **4×1=4**

(i) 'प्राण सूख जाना' का अर्थ है
(क)डर लगना (ख)दुखी को और दुख देना
(ग)कठिनाइयों का सामना करना (घ)हक्का बक्का रहना

(ii) पुलिस ने सारी रात बस्ती में छानबीन की फिर भी दंगा फैलाने वाले बदमाशों का कोई ............| उपर्युक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

(क)सुराग न मिला (ख)आग बबूला होना
(ग) डेरा डालना (घ)काम तमाम करना

(iii) 'आटे दाल का भाव मालूम होना' का अर्थ

(क) कष्ट का अनुभव होना (ख)बहुत परेशानी में पड़ना

(ग)बहुत खुश हो जाना (घ) प्रतीक्षा करना

(IV) 'भाग जाना' किस मुहावरे के अर्थ को दर्शाता है |

(क)नौ दो ग्यारह होना (ख) नाक रगड़ना

(ग)दम दबाकर भागना　　　　(घ)आश्रय छीन लेना

<u>**पाठ्यपुस्तक** (अंक 14)</u>

**7.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए|　　　　4×1=4**

क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।
उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(i)इतिहास में कैसे व्यक्तियों की चर्चा की जाती है?

(क)परोपकारी की　　　　(ख) उदार व्यक्ति की

(ग)अत्याचारी की　　　　(घ) आतंकवादी की

(iii) उदार व्यक्ति कैसे नहीं होते है ?

(क)जो उपकार के प्रति कृतज्ञ हो　　　　(ख)जो उदार हो

(ग)जो केवल सुख चाहे　　　　(घ)जो परमार्थ के लिए तत्पर हो

(iii) मानवीय गुणों का विकास कैसे संभव है ?

(क)दूसरों को स्वयं के समान समझने से

(ख)दूसरों के साथ पशु जैसे व्यवहार करने से

(ग) दूसरों से तुच्छ समझने से

(घ) दूसरों पर अत्याचार करने से

(iv) समस्त सृष्टि किस प्रकार के व्यक्ति को पूजती है ?

(क)उदार व्यक्ति को (ख) परोपकारी व्यक्ति को

(ग)मनुष्यता के गुणों वाले व्यक्ति को (घ)उपर्युक्त सभी को

**8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए | 5×1=5**

मेरा जी पढ़ने में बिलकुल न लगता था। एक घण्टा भी किताब लेकर बैठना पहाड़ था। मौका पाते ही होस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता था और कभी कंकरियाँ उछलता , कभी कागज़ की तितलियाँ उड़ाता और कहीं कोई साथी मिल गया ,तो पूछना ही क्या। कभी चारदीवारी पर चढ़ कर नीचे कूद रहे हैं। कभी फाटक पर सवार,उसे आगे पीछे चलाते हुए मोटर कार का आनन्द उठा रहे हैं ,लेकिन कमरे में आते ही भाई साहब का वह रूद्र रूप देख कर प्राण सूख जाते। उनका पहला सवाल यह होता -'कहाँ थे'? हमेशा यही सवाल ,इसी ध्वनि में हमेशा पूछा जाता और इसका जवाब मेरे पास केवल मौन था। न जाने मेरे मुँह से यह बात क्यों नहीं निकलती कि ज़रा बाहर खेल रहा था। मेरा मौन कह देता था कि मुझे मेरा अपराध स्वीकार है और भाई साहब के लिए उसके सिवा और कोई इलाज न था कि स्नेह और रोष के मिले हुए शब्दों में मेरा सत्कार करे।

(i) किसका मन पढ़ाई में बिलकुल भी नहीं लगता था ?

(क)बड़े भाई साहब का (ख)लेखक का

(ग)दोनों का (घ)किसी का नहीं

(ii) लेखक को एक घंटे की पढ़ाई कैसी लगती थी ?

(क)दौड़ लगाने जैसी (ख) पहाड़ जैसी

(ग) खेल जैसी (घ)सभी विकल्प

(iii) लेखक की रुचि थी -

(क)कागज़ की तितलियाँ उड़ाना (ख)पत्थरों के छोटे टुकड़े उछालना

(ग)'क' और 'ख' दोनों (घ)कोई भी नहीं

(iv) भाई साहब के किस रूप को देखकर लेखक डर जाता है ?

(क)भय वाला रूप (ख) गुस्से वाला रूप

(ग)प्रेम वाला रूप (घ)कोई भी नहीं

(v) 'पहाड़' शब्द का पर्यायवाची नहीं है -

(क)गिरि (ख)पर्वत

(ग) शैल (घ)नीर

**9.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए | 5×1=5**

ततॉरा दुर्भाग्यवश दूसरी तरफ था। द्वीप के अंतिम सिरे तक धरती को चीरता वह जैसे ही अंतिम छोर तक पहुँचा ,द्वीप दो टुकड़ों में विभक्त हो चुका था। एक तरफ ततॉरा था दूसरी तरफ वामीरो। ततॉरा को जैसे ही होश आया ,उसने देखा उसकी तरफ का द्वीप समुद्र में धँसने लगा है। वह छटपटाने लगा उसने छलाँग लगा कर दूसरा सिरा थामना चाहा किन्तु पकड़ ढीली पड़ गई। वह नीचे की तरफ फिसलने लगा। वह लगातार समुद्र की सतह की तरफ फिसल रहा था। उसके मुँह से सिर्फ़ एक ही चीख उभर कर डूब रही थी , वामीरो .......... वामीरो ......... वामीरो ......... वामीरो ........"उधर वामीरो भी ततॉरा ततॉरा ताँ................. ताँ..................पुकार रही थी |

ततॉरा लहूलुहान हो चुका था... वह अचेत होने लगा और कुछ देर बाद उसे कोई होश नहीं रहा। वह कटे हुए द्वीप के अंतिम भूखंड पर पड़ा हुआ था जो कि दूसरे हिस्से से संयोगवश जुड़ा था। बहता हुआ ततॉरा कहाँ पहुँचा,बाद में उसका क्या हुआ कोई नहीं जानता। इधर वामीरो पागल हो उठी। वह हर समय ततॉरा को खोजती हुई उसी जगह पहुँचती और घण्टों बैठी रहती। उसने खाना पीना छोड़ दिया। परिवार से वह एक तरह विलग हो गई। लोगों ने उसे ढूँढ़ने की बहुत कोशिश की किन्तु कोई सुराग नहीं मिला।

(i)धरती कितने टुकड़ों में बँटने लगी ?

(क)तीन (ख)दो

(ग)चार (घ)इसमें से कोई नहीं

(ii)तताँरा तड़पने लगा क्योंकि?

(क)वह वामीरो से अलग हो रहा था (ख)वह गाँव से अलग हो रहा था

(ख)वह ज़मीन में धँसने लगा था (घ)इनमें से कोई नहीं

(iii)ज़मीन का टुकड़ा धँसने लगा था ?

(क)धरती में (ख)समुद्र में

(ग) दोनों सही (घ)दोनों गलत

(iv)तताँरा डूबते किसे पुकार रहा था ?

(क)गाँव वालों को (ख)वामीरो को

(ग)दोनों को नहीं (घ) 'क' तथा 'ख' दोनों को

(v) तताँरा भूखंड पर कैसे पड़ा था ?

(क) लहूलुहान (ख)अचेत

(ग)'क' तथा 'ख' (घ)इनमें से कोई नहीं

**खंड 'ब' - वर्णनात्मक प्रश्न (अंक 40)**

**पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक** (अंक 14)

**10.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 -30 शब्दों में लिखिए । 2×2=4**

(क)मेखलाकार शब्द का क्या अर्थ हैं? कवि ने इस शब्द का प्रयोग यहाँ क्यों किया है ?

(ख)मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप - सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(ग)चाजीन ने कौन सी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से पूरी कीं ?

**11.नेचर की सहनशक्ति की सीमा होती है | नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बम्बई में** देखने को मिला था। इस कथन पर अपने विचार 60-70 शब्दों में लिखिए। **1×4=4**

**12.निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए | 2×3=6**

(क) इफ्फ़न की दादी का चरित्र चित्रण कीजिए |

(ख) नयी श्रेणी में जाने और नयी कापियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था?

(ग) अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

<u>**लेखन** (अंक 26)</u>

**13.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए | 1×6=6**

(क) सबको भाए मधुर वाणी .

संकेत-बिंदु - *मधुर वाणी एक औषधि

* मधुरवाणी का प्रभाव *मधुर वाणी की प्रासंगिकता।

(ख) कंप्यूटर : आज की आवश्यकता

संकेत-बिंदु - * विज्ञान की अद्भुत खोज * बढ़ता प्रयोग

* ज्ञान एवं मनोरंजन का भंडार * अधिक प्रयोग हानिकारक।

(ग) वन रहेंगे - हम रहेंगे

संकेत-बिंदु - * वन प्रकृति के अनुपम *वनों के लाभ

*मनुष्य का स्वार्थपूर्ण व्यवहार *वन बचाएँ जीवन बचाएँ

14. दिल्ली परिवहन निगम के महाप्रबंधक को 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए, जिसमें बस सेवा सुधार के कुछ सुझाव दिए गए हों। 5

अथवा

अपने इलाके में लगातार बिजली ना आने की समस्या के बारे में संपादक को एक पत्र लिखें।

**15.**आपके विद्यालय में परीक्षाएँ शुरू होने वाली हैं। इस से विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जा रहा है। विद्यालय के हेड बॉय / हेड गर्ल की तरफ़ से लगभग 30-40 शब्दों में एक सूचना लिखिए। **5**

**अथवा**

गुमशुदा बच्चे की तलाश हेतु अखबार में प्रकाशित करने हेतु 30-40 शब्दों में सूचना लिखिए |

**16.** प्रकाश एल०ई०डी० बनाने वाली कंपनी बिक्री बढ़ाना चाहती है। उसके लिए 25-30 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

'सपना' कलमों की बिक्री बढ़ाने हेतु 25-30 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**17.दिए गए विषय पर 100-120 शब्दों में एक लघु लेख लिखिए |** **5**

परिश्रम का फल मीठा

अथवा

बुद्धि का बल

..........................................